आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)

मंगलवार 16.09.2025 समय 1305

**मुख्य समाचार :–**

- प्रदेश के विभिन्न जिलों में बारिश से सामान्य जन–जीवन प्रभावित। देहरादून के सहस्त्रधारा में अतिवृष्टि से नुकसान।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से उत्तराखंड में अतिवृष्टि से उत्पन्न स्थिति की जानकारी ली। प्रदेश को हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून जिले के अतिवृष्टि प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया। कहा– एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पुलिस और स्थानीय प्रशासन लगातार सक्रिय हैं।
- पौड़ी की जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया ने नयार महोत्सव की तैयारियों को लेकर बैठक की। महोत्सव में पैराग्लाइडिंग, एंग्लिंग और साइकिलिंग जैसी रोमांचक गतिविधियां आकर्षण का केंद्र होंगी।

**बारिश**

प्रदेश के विभिन्न जिलों में बारिश से सामान्य जन–जीवन प्रभावित हो गया है। पर्वतीय इलाकों में भूस्खलन से कई सड़कें बाधित हैं। देहरादून में कल रात भारी बारिश के चलते सहस्त्रधारा क्षेत्र के कारलीगाढ़ के किनारे कई घरों में मलबा घुस गया। पर्यटक स्थल सहस्त्रधारा को भी नुकसान पहुंचा है और कुछ दुकानें क्षतिग्रस्त हुई हैं। वहीं, सौंग नदी भी उफान पर है। भारी बारिश के कारण लालतप्पड़ क्षेत्र में एक डेंटल कॉलेज के पास हरिद्वार–राष्ट्रीय राजमार्ग पर पुलिया का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया है। राहत व बचाव दल मौके पर मौजूद हैं। उधर, रायपुर क्षेत्र में मालदेवता चौकी से आगे केशरवाला मार्ग पर नदी का जलस्तर बढ़ने व तेज बहाव के कटाव से सड़क का कुछ हिस्सा बह गया है, जिस कारण मार्ग पर यातायात पूरी तरह बाधित हो गया है। जिलाधिकारी सविन बंसल ने रात को ही राहत और बचाव दलों को मौके पर रवाना कर दिया था और नदी किनारे रह रहे लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा गया। बारिश को देखते हुए सभी थाना क्षेत्रो में पुलिस टीम रात से ही लगातार नदी, नालों के किनारे और संवेदनशील स्थानों में भ्रमण कर रही है। लोगों को सतर्क किया जा रहा है और नदी के लगातार बढ़ते जलस्तर के कारण नदी नालों के किनारे न जाने की हिदायत दी जा रही है। साथ ही हर परिस्थिति पर निगरानी रखी जा रही है। उधर, देहरादून में एसडीआरएफ की टीम ने पौंधा स्थित एक संस्थान के परिसर में जलभराव होने से वहां फंसे लगभग 200 छात्र–छात्राओं को सुरक्षित बाहर निकाला।

**मुख्यमंत्री निरीक्षण**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज दूरभाष पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से उत्तराखंड में अतिवृष्टि से उत्पन्न स्थिति की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने प्रदेश को हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया और कहा कि केंद्र सरकार आपदा की इस घड़ी में राज्य के साथ मजबूती से खड़ी है। इस बीच, मुख्यमंत्री ने आज देहरादून जिले के अतिवृष्टि प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को

निर्देश दिए कि किसी भी प्रभावित परिवार को असुविधा न हो और राहत सामग्री, सुरक्षित ठहराव, भोजन, पानी और स्वास्थ्य सुविधाएं तुरंत उपलब्ध कराई जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रशासन पहले से ही अलर्ट मोड पर है और एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पुलिस व स्थानीय प्रशासन लगातार सक्रिय हैं।

वहीं, कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने देहरादून जिले के सहस्त्रधारा के सेरा गांव में अतिवृष्टि से प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि सरकार आपदा पीड़ितों के साथ खड़ी है।

**मौसम**

मौसम विभाग ने आज देहरादून, चम्पावत और नैनीताल जिलों में कहीं–कहीं भारी से बहुत भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। चमोली, ऊधमसिंह नगर, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिलों में कहीं–कहीं तेज बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है।

**नयार घाटी महोत्सव**

पौड़ी गढ़वाल में नयार घाटी एक बार फिर रोमांच से सराबोर होने जा रही है। जिला कार्यालय में जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया की अध्यक्षता में इस संबंध में आयोजित होने वाले महोत्सव की तैयारियों को लेकर बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि तीन दिवसीय महोत्सव में पैराग्लाइडिंग, एंग्लिंग, साइकिलिंग, राफ्टिंग और कयाकिंग जैसी रोमांचक गतिविधियां आकर्षण का केंद्र होंगी। उन्होंने महोत्सव में बाहर से आने वाले पर्यटकों, खिलाड़ियों और साहसिक खेल प्रेमियों के लिए ठहरने की व्यवस्था अभी से सुनिश्चित की करने और होटलों को चिन्हित कर आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बताया कि मुख्य कार्यक्रम स्थल बिलखेत में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। वहीं पैराग्लाइडिंग के लिए सुरक्षित स्थान चिन्हित होगा और सतपुली से व्यासघाट के बीच एंग्लिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा साइकिलिंग, कयाकिंग, राफ्टिंग और अन्य साहसिक गतिविधियां भी आयोजित की जाएंगी। जिलाधिकारी ने कहा कि नयार महोत्सव, केवल पर्यटन को नयी ऊँचाई ही नहीं देगा, बल्कि स्थानीय लोगों को रोजगार और आजीविका के अवसर भी प्रदान करेगा। उन्होंने संबंधित विभागों को सभी तैयारियां समय पर पूरी करने के निर्देश दिए।

## स्वस्थ नारी सशक्त परिवार

केंद्र सरकार की ओर से कल से देश के साथ ही प्रदेश में ''स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार'' अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत पूरे देश में एक लाख से अधिक स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएंगे। सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में रोजाना स्वास्थ्य शिविर आयोजित होंगे, जहां महिलाओं की व्यापक स्वास्थ्य जांच की जाएगी। इसी कड़ी में कल सुबह नौ बजे से दून मेडिकल कॉलेज, पटेल नगर के परिसर में राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस दौरान निःशुल्क स्वास्थ्य जांच, औषधि वितरण, रक्तदान शिविर, दिव्यांग शिविर, आभा आईडी और अटल आयुष्मान कार्ड बनवाने की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, ऑनलाइन माध्यम से जनमानस को संबोधित करेंगे।

## सेवा पखवाड़ा

चमोली जिले में कल से दो अक्टूबर तक मनाए जाने वाले सेवा पखवाड़े की व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने बताया कि सेवा पखवाड़े के के तहत बहुउद्देशीय शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों के माध्यम से आमजन को सरकार की जन–कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही उनका निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा। उन्होंने जनता से इन शिविरों का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की है।

## अतिक्रमण

हरिद्वार जिला प्रशासन और पुलिस विभाग की ओर से कुंभ मेल क्षेत्र लालजीवाला में किए गए अतिक्रमण को हटाया गया। कुंभ मेला क्षेत्र में लगभग 200 झुग्गियां और झोपड़ियां बनाई गई थी, जिन्हें हटाने के लिए सिंचाई विभाग की ओर से 20 दिन पहले नोटिस दिया गया था। पुलिस क्षेत्राधिकारी एस.एस नेगी के नेतृत्व में गठित टीम ने सभी अतिक्रमण को हटाया गया और चेतावनी दी गई है कि अगर फिर से अतिक्रमण किया गया, तो आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।